063 सूरह मुनाफिकून. का मुख्तसर लफ्ज़ो मे खुलासा.

नोट.- ये PDF फाइल कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» रसूलुल्लाहﷺ के साथ मुनाफिकों का सुलूक.

• मुनाफिक आपﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर आपके सच्चे रसूल होने की गवाही देते है मगर अल्लाह जानता है कि आप उस्के रसूल है. लेकिन अल्लाह तआला इस बात की गवाही देते है कि ये बिल्कुल झूठे है, इस्लीए उन्होने लोगों को हक के रास्ते से रोकने के लिए और अपनी कसमों को अपने जान माल बचाने के लिए ढाल बना लिया है क्यूंकि ये अगर अपना कुफ्र ज़ाहिर करते है तो उन्के साथ दूसरे काफिरों जैसा मामला किया जाता ये लोग बडे खूबसूरत जिस्म वाले है और जब वो बात करें तो तुम उन्की बातें सुनते ही रह जाओ मगर हकीकत में ये इन्सान नहीं बल्कि लकडी के कुंदे है. इस्लीए इन्पर अल्लाह तआला की मार हो और अल्लाह उन्का बुरा करे. और जब उन्हें आप की खिदमत में हाज़िर होने के लिए कहा जाता है ताकी आप उन्की बख्शिश के लिए दुआ करें तो ये बडे घमंड के साथ मुंह फेर लेते है इस्लीए आप उन्की बख्शिश के लिए दुआ करें या ना करें अल्लाह तआला उन्को हरगिज़ नहीं बख्शेगा. ये मुनाफिक लोग कहते है कि मुसलमानों पर खर्च ना करो, ये वैसे ही यहां से भाग जाएंगे और इन जैसे जाहिल लोगों को ये बात मालूम हो जानी चाहिए कि रिज़्क के तमाम खज़ाने अल्लाह ही के कब्जे में है ओर ये लोग कहते है कि

मदीने वापस जाकर हम में से इज़्ज़त वाला ज़लील को निकाल बाहर करेगा, गोया वो अपने आप को इज़्ज़त वाला समझते है हालांकि इज़्ज़त तो अल्लाह के लिए, उस्के रसूल के लिए, और मोमिनो के लिए है.

» मुसलमानों को डांट और नसीहत.

• ईमान वालो! कहीं तुम्हें तुम्हारे माल और तुम्हारी औलाद अल्लाह की याद से गाफिल ना कर दे, क्यूंकि ऐसा करने वाले सख्त नुकसान उठाएंगे और मौत आने से पहले-पहले अल्लाह की राह में खर्च करो, ताकि कल को ये ना कह सको, अगर हम्को मौहलत मिल जाती तो हम ज़रूर खैरात करते, ओर नेक काम करते, याद रखो! मौत का वकत आगे पीछे नहीं होता और अल्लाह तआला तुम्हारे सब कामों को अच्छी तरह जानते है.

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. | मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ साहब.